डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल, वेलचेरी, चेन्नई - 42

वार्षिकोत्सव समारोह 2024 – 2025

डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल, वेलचेरी, चेन्नई शाखा ने वार्षिकोत्सव का आयोजन 25 अक्तूबर, 2024 को कामराज अरंगम, तेनांपेट में आयोजित किया गया। इस भव्य समारोह का आनंद लेने के लिए दर्शकों की भीड़ उमड़ पड़ी। श्री प्रबोध महाजन, अध्यक्ष, स्कूल प्रबंध समिति और उपाध्यक्ष, डी.ए.वी. कॉलेज प्रबंध समिति, नई दिल्ली ने वार्षिक दिवस समारोह की अध्यक्षता की। स्कूल के प्रबंधक और मानद कोषाध्यक्ष, डी.ए.वी. कॉलेज प्रबंध समिति, श्री नानक चंद, श्रीमती मीनू अग्रवाल, क्षेत्रीय अधिकारी, डी.ए.वी. स्कूल, एस. ए. ज़ोन – ए ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से इस अवसर की शोभा बढ़ाई। आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और कर्नाटक के डी.ए.वी. स्कूलों के स्कूल प्रबंध समिति के सदस्य और प्रधानाचार्य भी भव्य समारोह में शामिल हुए ।

श्री नानक चंद ने सभा का स्वागत किया और डी.ए.वी. आंदोलन की महत्त्वपूर्ण विशेषताओं और समानता को बढ़ावा देने तथा विद्यार्थियों और विद्यालयों के नेतृत्व के मध्य अधिक सहायक माहौल बनाने के लिए डी.ए.वी.सी.एम.सी. द्वारा कार्यान्वित की गई अभिनव पहलुओं के बारे में बात की । उन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर सभी डी.ए.वी. शिक्षकों के मध्य अपने उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन के लिए विद्यालय की भी प्रशंसा की । श्री प्रबोध महाजन जी ने कहा कि डी.ए.वी. आंदोलन एक सुधार आंदोलन है जो विद्यार्थियों को ज्ञान से सशक्त बनाता है और उन्हें तकनीकी कौशल में समर्थ करता है । उन्होंने डी.ए.वी. आंदोलन के महान दूरदर्शी लोगों द्वारा दिए गए योगदान पर ज़ोर दिया । उन्होंने अभिभावकों और शिक्षकों से कम उम्र में ही नैतिक मूल्यों को विकसित करने का आग्रह किया और कहा कि चरित्र के बिना ज्ञान एक अभिशाप है । उन्होंने यह भी कहा कि मोबाइल फ़ोन विद्यार्थियों की भावनात्मक क्षमता और सामाजिक कौशल पर भारी पड़ रहा है ।

डी.ए.वी. प्रबंधन द्वारा संस्थापिका प्रधानाचार्या श्रीमती मीनू अग्रवाल के सम्मान में एक विशेष सम्मान समारोह आयोजित किया गया । एक लघु वृत्तचित्र के माध्यम से वर्ष 1990 से प्रधानाचार्य के रूप में उनके कार्यकाल के दौरान की गई उपलब्धियों को दर्शाया गया । श्री प्रबोध महाजन और श्री नानक चंद ने श्रीमती मीनू अग्रवाल को सम्मानित किया और विद्यालय के गत 34 वर्षों में शिक्षा के क्षेत्र में उनके अद्वितीय योगदान के लिए उन्हें आशीर्वाद दिया । क्षेत्रीय अधिकारी श्रीमती मीनू अग्रवाल ने डी.ए.वी. परिवार के सभी सदस्यों के प्रति अपनी हार्दिक कृतज्ञता व्यक्त की और विद्यार्थियों और शिक्षकों में ' बेंचमार्क ' बढ़ाने का आग्रह किया । प्रधानाचार्या श्रीमती सुजाता एम. ने शैक्षणिक वर्ष 2023–24 के दौरान विद्यार्थियों और शिक्षकों की शैक्षणिक उपलब्धियों को प्रस्तुत किया । उन्होंने सभी प्रतिभाशाली विद्यार्थियों और शिक्षकों को उनके अथक प्रयासों के लिए बधाई दी ।

एक विशेष प्रस्तुति – 'विद्यालय की उपलब्धियों और गतिविधियों का बहुरूपदर्शक में सांस्कृतिक और खेल क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों द्वारा प्राप्त पुरस्कारों और पाठ्येतर गतिविधियों में विद्यार्थियों की सराहनीय उपलब्धियों को दर्शाया गया । 2024 फ़रवरी–मार्च में आयोजित सी.बी.एस.ई. परीक्षा में उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन के लिए कक्षा दसवीं और बारहवीं के 107 से अधिक विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया । शत प्रतिशत अंक प्राप्त करने के लिए विद्यार्थियों को कठोर प्रशिक्षण देने वाले 14 विषय शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया । सर्वश्रेष्ठ आउटगोइंग स्टूडेंट पुरस्कार तीन श्रेणियों में प्रदान किया गया । शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए अद्वैत रमेश को, सहशैक्षणिक गतिविधियों में उत्कृष्टता के लिए कृत्या पी. को तथा खेल में उत्कृष्टता के लिए श्रीजीत वी. को पुरस्कृत किया गया । विद्यालय के प्रति समर्पित सेवाओं के लिए 10 शिक्षण कर्मचारियों और 4 गैर-शिक्षण कर्मचारियों को सम्मानित किया गया।

सांस्कृतिक बोनांज़ा रेस्प्लेंडेंस 2024 में अर्ध शास्त्रीय तथा पश्चिमी नृत्य, पूर्व विद्यार्थियों द्वारा एक संगीतमय सिंफनी, एक देशभक्तिपूर्ण मल्टीलिंगुएल मॉंटेज एवं मनुष्य के त्रिगुणों पर एक ज्ञानवर्धक नृत्य नाटक का मिश्रण था । कक्षा छठी से ग्यारहवीं के 350 विद्यार्थियों और कुछ पूर्व विद्यार्थियों ने अपने शानदार प्रदर्शन से मंच पर समा बॉध दिया ।

डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल, वेलचेरी, चेन्नई - 42
वार्षिकोत्सव समारोह 2024 – 2025

श्री प्रबोध महाजन जी, अध्यक्ष, स्कूल प्रबंध समिति द्वारा संबोधन

डी.ए.वी. प्रबंधन द्वारा संस्थापिका प्रधानाचार्या श्रीमती मीनू अग्रवाल का सम्मान

सी.बी.एस.ई. परीक्षा में उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन के लिए सम्मानित विद्यार्थीवृंद

सांस्कृतिक बोनांज़ा रेस्प्लेंडेंस – अर्ध शास्त्रीय नृत्य